EDII

Herald Youngleader

September 22, 2023
Page No.07

डीईपीडब्ल्यूडी और ईडीआईआई अहमदाबाद ने कॉर्पोरेट्स के साथ किया बैठक का आयोजन

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के सहयोग से कॉर्पोरेट्स के लिए एक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। यह बैठक कॉर्पोरेट्स की 'सीएसआर' गतिविधियों के तहत दिव्यांग जनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए 'सुनिश्चित आजीविका को सपोर्ट, एक्टिवेट और निर्मित' करने के मकसद से आयोजित की गई।

अपनी तरह के इस अनूठे कार्यक्रम में दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के सचिव श्री राजेश अग्रवाल, आईएएस, ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला और ईडीआईआई में परियोजना विभाग (कॉर्पोरेट) के निदेशक डॉ. रमन गुजराल ने भी भाग लिया। उनके साथ डीईपीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख कॉर्पोरेट संस्थाओं के सीएसआर अधिकारी भी इस बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान दिव्यांगजनों को लेकर बड़े पैमाने पर समाज को संवेदनशील बनाने और उनकी बेहतरी के प्रभावी उपाय शुरू करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही, दिव्यांगजनों के लिए 3,000 नए उद्यमों की स्थापना सुनिश्चित करने की दिशा में भी किए जाने वाले उपायों पर भी विमर्श किया गया। इनमें से 1,500 टैक्नोलॉजी–संचालित और 1,500 सामान्य उद्यम हैं।

इस निर्णायक गोलमेज बैठक में सरकार, कॉर्पोरेट्स और संस्थानों के बीच प्रभावी तालमेल के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने पर विचार–मंथन किया गया। चर्चाएँ स्थायी उद्यम निर्माण के माध्यम से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के विशिष्ट उद्देश्यों के इर्द–गिर्द घूमती रहीं। साथ ही, समाज में उनके पूर्ण समावेश को बढ़ावा देने के लिए उनके लिए बुनियादी ढांचे, दिव्यांग जनों के बारे में धारणा, पर्यावरण, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं के संदर्भ में बेहतर प्रथाओं को अपनाने पर भी चर्चा की गई। उनके लिए कामकाज का एक बेहतर और अनुकूल माहौल तैयार करने और ऐसे व्यावसायिक अवसरों की एक सूची तैयार करने पर भी विचार किया गया, जिसकी सहायता से दिव्यांगजन अपना उद्यम स्थापित करने की दिशा में कदम उठा सकते हैं।